हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

04 समाजसेवी राम तिवारी ने दौड़ते वाहनों से बचाई दो सांपों की...



05 भतीजे को कंधे पर बैठाकर खेत पर गया ताऊ पार्वती...





## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज़ 2025

**सागर।** पर्यटन को बढ़ावा देने के उदेश्य से दिनांक 01 अगस्त को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला स्तर पर पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रथम चरण (लिखित) उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सागर में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय चरण (ऑडियो विजुवल) का आयोजन रविन्द्र भवन सागर में दोपहर 02:30 बजे से सांय 04:30 बजे तक किया जाना है। इस साल सागर जिले से क्विज प्रतियोगिता हेतु 354 टीमों द्वारा पंजीयन किया गया है। यह प्रतियोगिता दो चरणो में आयोजित की जायेंगी। प्रथम चरण में लिखित परीक्षा होगी। इसमें सर्वाधिक अंक पाने वाली 06 टीमें द्वितिय चरण में जावेगी। यह चरण मल्टीमीडिया राउंड होगा। जिसमें क्विज मास्टर द्वारा रोचक पूछे जावेगें। प्रथम तीन विजेता टीमों को मेडल, प्रमाण पत्र और 03 दिन 02 रात पर्यटन भ्रमण कूपन मिलेगा। अगली 03 टीमों को मेडल, प्रमाण पंत्र और 02 दिन 01 रात का भ्रमण कूपन मिलगा। सभी प्रतिभागीयों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगें।

### पावस पर्व पर ईसुरी कहत लोकगायन का आयोजन

**सागर।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, सागर द्वारा 1 अगस्त को पावस पर्व के अंतर्गत रविंद्र भवन (बस स्टैंड) में सायं 4:30 बजे से ईसुरी कहत शीर्षक से लोकगायन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रस्तुति में बुंदेलखंड के लोक कवि ईसुरी की रचनाओं को सुरों में पिरोकर सुरमणि विनोद मिश्र प्रस्तुत करेंगे। बता दें कि सांस्कृतिक नगरी दतिया में 22 जुलाई 1966 को विनोद मिश्र का जन्म हुआ। उनके दादा पंडित नारायण दास शर्मा राजघराने के चित्रकार थे, जबकि पिता ख्याति प्राप्त साहित्यकार, संगीतज्ञ व पुरातत्वविद थे। मिश्र ने विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से वायलिन वादन में एम.ए. किया तथा प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से 'संगीत प्रभाकर' की उपाधि प्राप्त की। वर्ष 1991 में सुर सिंगार संसद, मुंबई ने उन्हें सुरमणि की उपाधि से सम्मानित किया। उनके निर्देशन में तैयार कार्यक्रम 'लोक वाद्य कचहरी' का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन से हुआ है।

### गैस किट से संचालित मारूति वेन पर कार्रवाई

**सागर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मनोज कुमार तेहनगुरिया ने बताया कि कलेक्टर द्वारा यात्री बसों/स्कूल बसों एवं अवैध संचालित वाहनों की चैकिंग संबंधी कार्यवाही किये जाने के दिये गये निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, सागर द्वारा शहरी क्षेत्र में गैस किट से संचालित वाहन एवं अन्य वाहनों की चैकिंग संबंधी कार्यवाही की गयी। चैकिंग के दौरान 09 स्कूली वाहनों को चैक किया गया, जिनमें से 03 मारूति वेन गैसकिट से संचालित पायी गयी, जिन्हें जप्तकर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। उक्त तीनों वाहनों की गैस तत्काल निकलवाई गई एवं लगातार चैकिंग के बाद भी कुछ वाहनस्वामियों द्वारा गैस किट लगाकर स्कूलों में वाहन संचालित किये जा रहे है, जो बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ है, एवं सुरक्षा मानकों के विपरीत है।

### कलेक्टर ने किया मृगनयनी सागर का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर ने मृगनयनी का निरीक्षण किया एवं निगम में संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मृगनयनी का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि बुनकर एवं शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों को अधिक से अधिक विक्रय किया जाए जिससे उन्हें निरन्तर रोजगार मिलता रहे और उनकी आय में वृद्धि हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जिले के समस्त विभागों में लगने वाले शासकीय वस्तु एवं कार्यालय उपयोग वाले हस्तशिल्प सामग्री जूट के फाइल फोल्डर अन्य सामग्री मृगनयनी सागर से क्रय करें।

साहित्यकार अपने देश की अनुभूति, आंख, कान और हृदय होता है : प्रो. सरोज गुप्ता

# तुलसीदास और प्रेमचंद सामाजिक समरसता और मानव मूल्यों के सबसे बड़े वाहक हैं: डॉ. रंजना मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, सागर की प्राचार्य प्रो सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में, स्वामी विवेकानंद कैरियर योजना प्रकोष्ठ के तत्वाधान में हिंदी विभाग द्वारा महाविद्यालय में प्रसिद्ध कथाकार मुंशी प्रेमचंद और महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जी के जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डा सरोज गुप्ता ने कहा कि साहित्यकार अपने देश, की अनुभूति, आँख, कान और ह्रदय होता है मुंशी प्रेमचन्दजी ने लिखा है हमारी कसौटी पर वही साहित्य खरा उतरेगा, जिसमें उच्च चिंतन का सार हो, स्वाधीनता का भाव हो, सौन्दर्य का सार हो। सृजन की आत्मा हो, जीवन की सच्चाईयों का प्रकाश हो । जो हममें गति संघर्ष और बैचेनी पैदा करे। कार्यक्रम के संचालन डॉ. राना कुंजर सिंह ने महाकवि तुलसीदास के व्यक्तित्व और कृतित्व तथा मुंशी प्रेमचंद जी की कठिन जीवन यात्रा और साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मुंशी प्रेमचंद जी ने 300 से अधिक कहानियों की रचना की थी और वे सभी समाज के अलग-अलग वास्तविक किरदारों से प्रेरित रही। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना मिश्रा ने स्वागत भाषण में सभी उपस्थित जनों का वंदन-अभिनंदन करते हुए मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास जी के हिंदी जगत में दिए गए योगदान पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि गुलाम भारत की दीन-हीन सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में भारतीयों की दुर्दशा को देखकर प्रगतिवाद और समाजवाद से प्रेरित होकर मुंशी प्रेमचंद ने यथार्थवादी साहित्य की रचना की। उन्होंने अपने उपन्यास गोदान, गबन, निर्मला से उस समय की कुरीतियों-जैसे बाल विवाह, बेमेल विवाह, दिखावे की संस्कृति लोभ- लालच जैसी मनोवृतियों का बड़ी कुशलता से चित्रण किया है। उन्होंने तुलसीदास जी को सामाजिक समरसता और मानवीय मूल्यों का सबसे बड़ा वाहक बताया। स्वामी विवेकानंद कैरियर योजना प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ प्रतिभा जैन ने प्रकोष्ठ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि इस प्रकोष्ठ का उद्देश्य बच्चों में अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता के भाव विकसित करना है। उन्होंने जयंती कार्यक्रमों के आयोजन के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि इन आयोजनों से हम अपने महापुरुषों की योग्यता और प्रतिभा को जान पाते हैं तथा उनसे प्रेरित हो सकते हैं। कार्यक्रम में रचना पाठ एवं दोहा पाठ में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सहभागिता की जिनमें से विकिता तिवारी, रामायण नामदेव, अंकुर भारती रामाशीष यादव और शोधार्थी आदित्य प्रताप, वैशाली रजक आदि विद्यार्थियों ने मुंशी प्रेमचंद और तुलसीदास जी के जीवन चरित और साहित्यिक कृतियों के अंशों का पाठ और चर्चा की। उमा ठाकुर ने रामचरितमानस की विभिन्न चौपाइयों का अर्थ सहित वाचन किया । शोधार्थी रूपल दुबे ने रामचरितमानस की विभिन्न चौपाइयों का संदर्भ देते हुए पश्चिमी सांस्कृतिक मूल्यों को त्यागने का संदेश दिया । आयुषी रैकवार ने तुलसीदास के विभिन्न दोहों द्वारा भक्ति काल में उनके द्वारा विभिन्न संप्रदायों में एकता स्थापना के प्रयासों की चर्चा की। इस कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से जुड़े श्री चंदन कुमार ने अपनी बात रखते हुए फाउंडेशन द्वारा विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाली विभिन्न स्कॉलरशिप के बारे में बताया। फाउंडेशन द्वारा प्रेमचन्द साहित्य के पोस्टर की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुरेंद्र यादव द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के साथ-साथ इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापकगण तथा कर्मचारियों के साथ विद्यार्थियों की सहभागिता ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### नजयाई दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम बार श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक व निर्माण लाडू समर्पण महोत्सव सम्पन्न



**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा के धार्मिक इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ते हुए श्री नजयाई दिगंबर जैन मंदिर में मूलनायक श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का प्रथम भव्य महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण लाडू समर्पण महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के भावों के साथ सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:00 बजे मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण लाडू समर्पण के साथ हुआ। विशेष इंद्र महोत्सव के रूप में समाजजनों ने धारित की दिव्य भूमिकाएं सौधर्म इन्द्र सुनील बैसाखिया, ईशान इन्द्र, विकास सिंघई, सनत कुमार इन्द्र, डॉ. भूपेंद्र जैन, महेंद्र इन्द्र, राकेश बमोरी बनने का सौभाग्य श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। शांतिधारा का सौभाग्य अमीरचंद्र बरपानी, संतोष फुलर मुख्य वेदी पर शांतिधारा बंटी रोन, वीरेंद्र हरदी, प्रथम अभिषेक छोटू रनगुवां, सुनील रोन, द्वितीय अभिषेक अजित बैसाखिया, तृतीय अभिषेकः उत्तम बमोरी लाडू समर्पण का सौभाग्य शुभम रोन। पूरे कार्यक्रम का निर्देशन पं. बालचंद सिमरिया द्वारा किया गया। संगीत संयोजन रोहित गुरहा द्वारा भावपूर्ण भजनों से वातावरण को भक्तिमय बनाया गया।

### बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के प्रतिवेदन व निराकरण के संबंध में बैठक आयोजित

**सागर।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य औंकार सिंह तथा डॉ. निवेदिता मिश्रा आज सागर जिले के प्रवास के दौरान बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के प्रतिवेदन एवं निराकरण के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक में शामिल हुईं। बैठक में आयोग के दोनों सदस्यों द्वारा जिले में बाल संरक्षण आयोग की लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में प्रतिवेदन मांगा गया। साथ ही जिले में स्कूल से ड्रॉपआउट, बाल भिक्षावृत्ति, सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान, स्वास्थ्य विभाग किये जा रहे हेल्थ चेकअप सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भरत सिंह राजपूत जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन गिरीश मिश्रा सहित पुलिस विभाग, श्रम, स्वास्थ्य विभाग, बाल कल्याण समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## महिलाएं समाज की आधारशिला हैं, इसलिए इनका स्वस्थ रहना आवश्यक है: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में महिला स्वास्थ्य पर केंद्रित विशेष चिकित्सकीय परीक्षण शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के महिला कर्मचारियों, अधिकारियों, शिक्षकों, छात्राओं एवं शोधार्थियों के लिए सुबह 11 बजे अभिमंच सभागार में आयोजित किया गया । इस अवसर पर विवि में आधुनिक मशीनों से युक्त कार्डियक हेल्थ यूनिट का भी उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्य एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की महिला कार्य प्रमुख सुश्री शोभा पैठणकर थीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि महिला स्वास्थ्य को लेकर विश्वविद्यालय सदैव सचेत रहा है। आम तौर पर महिलाओं के स्वास्थ्य की अनदेखी हो जाती है । महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहना चाहिए। उनसे जुडी हुई शारीरिक और स्वास्थ्य समस्याओं के कारण जागरूकता के अभाव में समस्या बढ़ जाती है । उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की आधारशिला हैं इसलिए उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी हम सबकी है. ईसीजी मशीन की शुरुआत पर उन्होंने कहा की विवि लगातार अपने स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाएँ बढ़ा रहा है । जल्द ही एक नया स्वास्थ्य केंद्र का भवन बन जाएगा जिसमें आने वाले समय में और अधिक सुविधाएं होंगी । विवि परिवार के सदस्यों के लिए यदि उनके घर में कोई वरिष्ठ जन हैं तो उनके लिए ईसीजी मशीन से घर पर भी जांच उपलब्ध कराई जायेगी ।

विशिष्ट अतिथि सुश्री शोभा पैठणकर ने कहा कि महिला परिवार का केंद्र होती है। सृजन की शक्ति केवल महिलाओं के पास है। महिलाओं के कल्याण का मतलब समाज का कल्याण करना है। सभी क्षेत्रों में महिला नेतृत्व बढ़ रहा है लेकिन अभी भी बहुत कम संख्या है. महिलाओं के स्वास्थ्य की दिशा में कार्य करते हुए आज का यह शिविर और यह कार्यक्रम अभिनंदनीय है ।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. अभिषेक कुमार जैन ने शरीर में विटामिन डी की कमी, इससे होने वाले दुष्प्रभाव और इसके घरेलू उपायों के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि सूर्य के प्रकाश की इसमें बड़ी भूमिका है जो विटामिन डी का सबसे बड़ा स्त्रोत है । उन्होंने भर सरकार के ऐप टेली मानस के बारे में भी जानकारी प्रदान की । डॉ. किरण माहेश्वरी ने महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए पीसीओडी, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, पोषण, बचाव और कई जांचों की जानकारी दी । उन्होंने महिलाओं से सम्बंधित विभिन्न रोगों के लक्षणों के बारे में भी बताया ।

शिविर में कुल 400 से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए थे. जिसमें 136 लोगों ने लिवर फाइब्रोस्कैन, 122 लोगों ने ईसीजी, 180 लोगों ब्लड शुगर, 230 लोगों ने हीमोग्लोबिन, 51 लोगों ने थायराइड, 67 लोगों ने लिपिड प्रोफाइल एवं 53 लोगों ने एचबीएवनसी की जांच कराई. 200 से अधिक लोगों का रक्तचाप परीक्षण किया गया । सभी को जांच रिपोर्ट के आधार पर उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

कलेक्टर की संवेदनशीलता से सेवानिवृत्ति के बाद निश्चिंत हैं शासकीय सेवक

## जिले के सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के दिन ही प्रदान किए गए पीपीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी आर की पहल पर सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ पाकर खुश हुए सेवानिवृत्त शासकीय सेवक। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में शासकीय सेवकों को उनके सभी आर्थिक देयकों को उनके सेवानिवृत्ति के दिन ही भुगतान करने की मुहिम चलाई जा रही है जिससे शासकीय सेवकों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले पेंशन समेत अन्य आर्थिक देयकों का प्राप्त करने के लिए कागजी कार्यवाही एवं कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहें हैं उन्हें उनके सभी स्वत्वों का भुगतान सेवानिवृत्ति के दिन ही प्रदान किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज जिले में सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों को उनके सेवानिवृत्ति के दिन ही उनके सभी आर्थिक देयकों समेंत पीपीओ प्रदान किए गए।

सेवानिवृत्ति समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों के परिजनों ने बताया कि कलेक्टर की संवेदनशीलता से अब शासकीय सेवा से रिटायर हो रहे शासकीय सेवकों को उनके सभी आर्थिक भुगतान एवं स्वत्वों को तत्काल ही प्रदान किए जा रहे हैं जिससे शासकीय सेवकों को अब अपने सेवानिवृत्ति पश्चात मिलने वाले लाभों को प्राप्त करने के लिए परेशान नहीं होना पड़ रहा है। पीपीओ तत्काल मिल जाने से अब हम अपना जीवन खुशहाली से बिता सकते हैं। आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को पीपीओ वितरित करते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों का पुष्प माला से सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए दी गई।सभी सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवको को अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय ने कामता प्रसाद पचौरी शासकीय डिग्री कॉलेज बंडा, रंजना जैन बीईओ सागर, रमेश सिंह गौंडजेडी कार्यालय सागर, के. के. अग्रवाल जेडी कार्यालय सागर, रमाशंकर विश्वकर्मा डीएफओ दक्षिण सागर, अवध बिहारी श्रीवास्तव सीएफ सागर, मेवालाल गर्ग सिविल सर्जन, राकेश कुमार जैन एएससीओ सागर, रमेश प्रसाद शुक्ला बीईओ सागर, रविशंकर नामदेव बीईओ सागर, शिवकुमार गौतम बीईओ सागर, राजेश तिवारी जीडब्ल्यूएस यूनिट 3 सागर, मिजाजी लाल अग्रवाल शासकीय डिग्री कॉलेज सागर, सुरेश कुमार अठिया बीईओ सागर, संध्या गौंड / तिलक सिंह गाँड 10वीं बीएन सैफ सागर, विमला साहू बीईओ सागर, रमेश सिंह गाँड जिला कोषालय सागर, राजकुमार जड़यिा सीएमएचओ सागर, प्रदीप कुमार पांडे शिक्षा विभाग, सुरेश कुमार यादव एसपी सागर पी पी ओ प्रदान किया। इस अवसर पर संभागीय पेंशन अधिकारी अभय राज शर्मा सहित अधिकारी मौजूद थे।



### आबकारी टीम ने जब्त की अवैध शराब

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी कीर्ति दुबे एवं मंडल प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप सिंह खंडाते के मार्गदर्शन में वृत्त बण्डा क्षेत्र अंतर्गत क्रमशः तिगोड़ा हीरापुर रोड चौकी हीरापुर, नहर के पास ग्राम- अमरमऊ, शाहगढ वार्ड क्र. 15 कुचबन्दिया बस्ती पर आकस्मिक दबिश देकर 3 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गए, जिसमें 40 ली. हाथभट्टी कच्ची मदिरा एवं लगभग 3250 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर कब्जा-ए- आबकारी लिया गया। तत्पश्चात ग्राम-अदावन थाना बरायठा क्षेत्र अंतर्गत आकस्मिक दबिश देकर 1 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, जिसमें 10 पाव सन्नी व्हिस्की, 20 पाव जिप्सी जिन एवं 3 कैन हंटर बीयर बरामद कर कब्जा-ए- आबकारी लिया गया, जप्तशुदा मदिरा की कुल कीमत लगभग 3,37,080 रूपये है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त प्रभारी रोशनी उरेती, मंजुषा सोनी, मृत्युंजय ठाकुर, सियाराम चौधरी, शैलेन्द्र सिंह मर्को एवं आबकारी स्टाफ आब मुख्य आरक्षक एसपी साकेत, आरक्षक- प्रमोद दुबे, संगीता गुर्जर, विजया खरे, आरती, दिलीप, राजवीर आदि सम्मिलित रहे।




### विद्या आदर्श महिला परिषद ने हरियाली महोत्सव पर किया पौधरोपण, सेवा व संरक्षण का लिया संकल्प

**गढ़ाकोटा।** हरियाली महोत्सव के उपलक्ष्य में विद्या आदर्श महिला परिषद की सक्रिय सदस्याओं ने नगर की गौशाला में पहुंचकर पौधे रोपण किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं औषधीय पौधे लगाए गए तथा उन्हें सुरक्षित रखने हेतु ट्री गार्ड भी लगाए गए। परिषद की सदस्य रीता जैन ने बताया कि परिषद की सभी सदस्याओं ने यह संकल्प लिया है कि सप्ताह में एक दिन बारी-बारी से प्रत्येक सदस्य गौशाला जाकर पौधे को पानी देगी और उनकी देखभाल सुनिश्चित करेगी। यह क्रम नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि लगाए गए पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। यह पर्यावरणीय जागरूकता की दिशा में महिला परिषद का एक प्रेरणादायक प्रयास है, जिसकी नगरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है। परिषद ने आम नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।



### शिवलिंग निर्माण का तृतीय दिवस रामायण की चौपाइयों का उच्चारण करते हुआ रुद्रीनिर्माण

**सागर।** बैंक कॉलोनी तिली रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन अभिषेक कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरुवार को तुलसीदास जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं ने रुद्री बनाते हुए रामचरित मानस की चौपाइयों का गान किया। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रातः 8बजे से रुद्री निर्माण हुआ जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने रामायण की प्रचलित चौपाइयों का एक साथ उच्चारण किया। 11.30 बजे से 1.30 बजे तक पूजन अभिषेक सम्पन्न हुआ। शिवलिंग निर्माण एवं पूजन अभिषेक में एम के चौबे, हरिनारायण तिवारी, राघवेंद्र सिंह राजपूत, अशोक मिश्रा, जयप्रकाश रावत, आर पी मिश्रा, आर के भट्ट, सीता व्यास, नत्थीबाई यादव, सुहागरानी साहू, शारदा दुबे, सीमा तिवारी, मनीषा गांधी, राधा दुबे, सीमा शर्मा, अर्चना खरे, वृंदा असाटी, मंजू सोनी, रीना खरे, अंशुल गर्ग, अर्चना अग्रवाल, रेशु चतुर्वेदी, दीप्ति यादव, इंद्रा चौबे, रजनी गुप्ता, रश्मि शर्मा, संतोषी तिवारी, रेखा पाठक, मीरा गुप्ता, गुड्डी शर्मा, आभा नायक, टीना चौबे, अभिलाषा राजपूत, मीनाक्षी भट्ट, रेखा दुबे, सीमा यादव, पदमा मेहता, आशा ठाकुर, लता पांडेय, मनीषा तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना गढ़ाकोटा जिला सागर म.प. के अपराध क्रमांक- 364/2025 धारा- 103,333,115(2),191 भारतीय न्याय संहिता के अपराध में थाना गढ़ाकोटा जिला सागर द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गढ़ाकोटा जिला सागर म.प्र. के समक्ष परिवाद किया गया कि आरोपीगण 1- संतोष पिता औसाब राजपूत उम्र- 51 वर्ष निवासी ग्राम भोरदाहार हाल रामबाई गढ़ाकोटा जिला सागर म.प्र. 2- गोविंद पिता हीरा राजपूत उम्र- 45 वर्ष निवासी ग्राम भौरदाहार थाना गढ़ाकोटा जिला सागर म.प्र. ने थाना गढ़ाकोटा जिला सागर के अपराध क्रमांक - 364/2025 धारा - 103,333,115(2),191 भारतीय न्याय संहिता के अधीन दंडनीय आजमानतीय प्रकृति का अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर पूर्व में जारी किए गिरफ्तारी वारंट को थाना गढ़ाकोटा द्वारा यह लिखकर लौटा दिया गया कि आप आरोपीगण की तलाश पतारासी के यथा संभव प्रयास किए गए लेकिन आरोपीगण की गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं हो सकी है और मुझे समाधानप्रद रूप से यह दर्शित कर दिया गया कि आभियुक्तगण फरार हो गए है (या उक्त गिरफ्तारी वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं) इसलिए उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्तगण 1- संतोष पिता औसाब राजपूत उम्र 51 वर्ष निवासी भोरदाहार हाल रामबाई गढ़ाकोटा जिला सागर म. प्र. 2- गोविंद पिता हीरा राजपूत उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भोरदाहार थाना गढ़ाकोटा जिला सागर म. प्र. इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए न्यायालय तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर म.प्र. में तारीख 05.08. 2025 तक हाजिर हो । जो आरोपीगणों के उक्त दिनांक 05/08/2025 तक हाजिर नहीं होने की स्थिति में धारा 85 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही कर उपरोक्त अरोपीगणों की संपत्ति की कुर्की की कार्यवाही की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### युवा पीढ़ी के बिगड़ने पर होगा देश का भी नुकसानः मनोज सोनी



**पलेरा।** नगर में पुलिस के प्रदेश व्यापी नशे से दूरी है जरूरी अभियान का समापन बुधवार 30 जुलाई को सीएम राइज विद्यालय में किया गया। यह अभियान 15 जुलाई से चल रहा था। समापन कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगो को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे का आदी व्यक्ति अधिक अपराध करता है। नशे से शारीरिक नुकसान होता है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही आर्थिक नुकसान भी होता है। उन्होंने कहा कि अगर युवा पीढ़ी बिगड़ेगी तो देश का भी नुकसान होगा। थाना प्रभारी मनोज कुमार सोनी ने 15 दिवसीय अभियान के बारे में बताया कि इस प्रदेश व्यापी अभियान के दौरान पलेरा पुलिस ने जागरूकता अभियान, मैराथन, पंपलेट वितरण और पोस्टर लगाकर नशे के नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिससे बचना जरूरी है। नशा दिमाग को भ्रमित करता है और आने वाली पीढ़ी को इससे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। लोगों से अपील है कि अगर नशे से संबंधित कोई सूचना मिले तो पुलिस को अवश्य बताएं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व नप अध्यक्ष सुनील खटीक, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, राजेश नायक, प्राचार्य महेश रावत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

बारिश के बीच अपनी बाइक बीच में खड़ी कर सांप को कराया सकुशल रास्ता पार

# समाजसेवी राम तिवारी ने दौड़ते वाहनों से बचाई दो सांपों की जिंदगी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के जाने माने समाजसेवी व शिक्षक राम तिवारी ने अलग अलग स्थानों पर दो साँपो को सड़क पर दौड़ते वाहनो से कुचलने से बचाया। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो बायरल हो गया। वीडियो को देखकर लोगो द्वारा राम तिवारी की जीवो के प्रति संवेदनशीलता की जमकर प्रशंसा की जा रही है। समाजसेवी राम ने अपना नाम सार्थक करते हुए बींच सड़क पर अपनी बाईक ख़डी की और सांप को सकुशल रास्ता पार कर जाने दिया। जबकि इस दौरान बारिश हो रही थी और रात भी थी लेकिन समाजसेवी राम ने अपनी वाईक की लाईट सांप की तरफ करके उसे जाने दिया साथ ही सड़क से गुजर रहे वाहन चालको को रोककर सांप को बचाते हुए अपना बाहन निकालने का निवेदन करते रहे।

### कुंडेश्वर रोड पर स्थित बड़े नाला पुल के पास बचाई सांप की जान

*यह बाक्या तब का है जब शहर के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित जड़यि मोहल्ला निवासी समाजसेवी राम तिवारी रात के समय कुंडेश्वर भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर मंदिर से लौटकर स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। तभी कुंडेश्वर रोड पर नवोदय विद्यालय के आगे स्थित नाला पुल के पास रात के समय पानी बरसने के दौरान एक सांप सड़क पार कर रहा था लेकिन सड़क पर वाहनो की आवाजाही हो रही थी जिससे साँप का किसी बाहन की चपेट में आने का डर बना हुआ था। जिसे देखकर समाजसेवी राम तिवारी ने तत्काल अपनी स्कूटी सड़क पर साँप के बगल में ख़डी करके स्कूटी की लाईट साँप की तरफ कर दी जिससे आवागमन कर रहे बाहनो को साँप दिख सके। इस दौरान राम तिवारी पानी में भीगते हुए खडे रहकर अन्य वाहन चालको को इशारा कर सांप को बचाते हुए निकलने के लिए लगातार कहते रहे। जब तक सांप सकुशल सड़क पार करके आँखों से ओझल नहीं हुआ तब तक राम तिवारी साँप को देखते रहे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर बातरल होने से लोगो द्वारा राम तिवारी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है।*

### कुछ दूरी पर एक और सांप मिलने पर उसे बचाया वाहनों से

*जब उक्त संबंध में समाजसेवी राम तिवारी से पूँछा गया तो उन्होंने बताया कि एक नाग देवता को सकुशल सड़क पार कराने के बाद जब वह अपने साथी के साथ स्कूटी से घर की ओर निकले तब जरिया के हनुमान मंदिर के समीप एक और नाग देवता सड़क पार कर रहे थे। और उसी समय सड़क से वाहन भी गुजर रहे थे। तब राम तिवारी ने अपनी स्कूटी पुनः ख़डी करके लोगो को एक किनारे से निकलने के लिए आग्रह किया और नागदेवता को सड़क पार करने दिया गया। इस दौरान वह अपनी स्कूटी से लाईट की रोशनी भी करते रहे जिससे आने जाने बाले बाहन चालक एक किनारे से निकलते रहे।*

### नाग पंचमी पर की जाती है नागों की पूजा

*नाग पंचमी के दिन देश में नागों की पूजा की जाती है। नाग को समाज के लिय श्रद्धा का विषय माना जाता है तो जंगल विभाग के लिए भी इनका संरक्षण अहम होता है। कई बार इंसान की जान इनके काटने से चली जाती है तो कई बार इंसान अपनी जान बचाने के लिये नागों को मार देता है। लेकिन टीकमगढ़ शहर के राम तिवारी ने दो सांप का जीवन बचाया। यह घटना दर्शाती है कि सांपों को भी जीवन का अधिकार है और उनकी जान बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। सेव द स्नैक अभियान के अनुसार सांपों को बचाने वाले लोग न केवल वन्यजीवों की रक्षा करते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी संतुलित रखने में मदद करते हैं।*

सहूलियत के लिए गड्ढों की सड़क पर डाली गई मिट्टी बनी जी का जंजाल

## पीडब्ल्यूडी व नगर पालिका के बीच भागमभाग करने को मजबूर कॉलोनीवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर की एक पॉश कॉलोनी के निवासी गड्ढायुक्त सड़क की बजह से परेशान हो रहे हैं। बारिश के चलते ज़ब कॉलोनीवासियो ने नगर पालिका प्रशासन से समस्या का निदान किये जाने की मांग की तो नगर पालिका प्रशासन ने उक्त सड़क के गड्ढों को मिट्टी से भर दिया। लेकिन बारिश के चलते उक्त मिट्टी कॉलोनीवासियो के लिए जी का जंजाल बनती हुई साबित हुई। कॉलोनीवासी कई दिनों से सड़क दुरुस्त कराने की मांग को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग व नगर पालिका के बीच चक्कर काटकर भागमभाग करने को मजबूर हैं क्यूंकि दोनों बिभाग एक दूसरे पर उनके कार्यक्षेत्र की सड़क बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। शहर की सुभाष पुरम कॉलोनी की सड़क जगह जगह गड्ढे हो जाने की बजह से पूरी तरह खस्ता हाल हो गई है। जिससे कॉलोनीवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों की शिकायत पर सुनवाई करते हुए बुधवार रात नगर पालिका ने सड़क पर मिट्टी तो डाल दी थी। और गड्ढों को मिट्टी से भर दिया था। लेकिन मिट्टी डालने के बाद स्थिति और भी ज्यादा बिगड़ गई। क्योंकि बारिश के चलते दो पहिया और चार पहिया वाहन मिट्टी में फंसने लगे। यहां तक की सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। तब गुरुवार की सुबह कॉलोनीवासियों ने वार्ड पार्षद अजय यादव को इस समस्या के संबंध में सूचना दी। उक्त समस्या की गंभीरता देखते हुए पार्षद अजय यादव जेसीबी मशीन लेकर तत्काल मौके पर पहुंचे और नगर पालिका द्वारा डाली गई मिट्टी को सड़क से हटवाया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि लंबे समय से सड़क खस्ता हाल है। जगह जगह बड़े बड़े व गहरे गड्ढे हो गये हैं। ज़ब उक्त समस्या के संबंध में कॉलोनीवासी नगर पालिका प्रशासन के पास जाते हैं तो नगर पालिका के अधिकारियों का कहना होता है कि उक्त सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग की है। ज़ब पीडब्ल्यूडी विभाग से समस्या हल किये जाने का निवेदन किया जाता है तो पीडब्ल्यूडी विभाग दावा करता है कि उक्त कॉलोनी में कुछ वर्ष पहले नगर पालिका ने सीसी सड़क बनाई थी। तब उक्त सड़क को नगर पालिका को सौंप दिया गया था। इस तरह दोनों विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। इसी कारण सड़क की मरम्मत नहीं हो पा रही है और कॉलोनीवासी परेशान हैं। इस मामले में अब कॉलोनीवासियो ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से आस लगाई है कि अब कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा पहल किये जाने के बाद ही उक्त समस्या का निराकरण हो सकता है।

अधिकाधिक पौधारोपण कर करें पर्यावरण संरक्षणः प्राचार्य नायक

## प्रकृति सेवा संस्थान कर रही 8 माह तक जनजागृति महाभियान का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शासकीय सीनियर बेसिक हाई स्कूल के सभागार में प्रकृति सेवा संस्थान समिति के तत्वाधान में पर्यावरण का संरक्षण संवर्धन करने सहित दुर्व्यसन न करने का विद्यालय स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं द्वारा संकल्प लिया गया। वहीं विश्व कल्याण को लेकर सामूहिक प्रार्थना भी हुई। इस अवसर पर हाई स्कूल प्राचार्य बीके नायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया जाना आवश्यक है। हम सभी लोग अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। प्रकृति सेवा संस्थान समिति के अध्यक्ष समाजसेवी महेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि 1 अप्रेल से 31 दिसंबर तक जन जागृति महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर छात्रों, युवाओं, किसानों को विभिन्न जनजागृति आयोजनों के माध्यमों से महा अभियान की जानकारी दी जा रही है साथ ही स्कूलों में जाकर विद्यालय स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं को पर्यावरण का संरक्षण संवर्धन करने सहित दुर्व्यसन न करने का संकल्प दिलाया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विश्व कल्याण की प्रार्थना भी कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि प्रकृति सेवा संस्थान समिति द्वारा महाभियान अंतर्गत जन जागरण के दौरान बताया जा रहा है कि भारतीय संस्कृति व अर्थ व्यवस्था का आधार गौमाता है अतः गौ संरक्षण- संवर्धन के क्षेत्र में हम सब मिलकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। पर्यावरण रक्षार्थ हम सब मिलकर वृक्षारोपण करेंगे व अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे। जल ही जीवन है अतः हम सब मिलकर प्राकृतिक जल स्त्रोतों के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगे। जैविक खेती सहित योग के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर आम जनमानस को प्रेरित करना। छात्रों व युवाओं में नशा एवं दुव्यर्सन की बढती लत को दूर करने के लिए जनजागरण किया जा रहा है। ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण और उनके रख-रखाव के लिए पहल की जा रही है। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रूप से विद्यालय के प्राचार्य बीके नायक, जगदीश द्विवेदी, संजय दुबे, दीनदयाल अहिरवार, कृष्ण तिवारी, विनोद भगत, आशुतोष नामदेव, चमेली जैन, नईम फातिमा, फरहत नाज, निधि पुरोहित सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं स्टाफ व विद्यालय के छात्र-छात्राये प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

घर में अलमारी के पीछे छिपा दिखा साइलेंट किलर, घरवाले हुए भयभीत

## वन रक्षक प्रजापति ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



रात के समय घर के अंदर अलमारी के पीछे साइलेंट किलर को देखकर घर में रहने बाले सभी लोग भयभीत हो गये। आनन फानन में वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन रक्षक दीपेश प्रजापति ज़ब मौके पर पहुंचे तब साइलेंट किलर कहे जाने बाले काले रंग के कोबरा साँप को पकड़ा जा सका। तब घर के सभी लोगो की जान में जान आई। वन रक्षक दीपेश प्रजापति ने पूंछने पर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस लाइन के पीछे स्थित अयोध्यापुरी कॉलोनी में बुधवार रात एक मकान में काला कोबरा सांप के होने की सूचना मिली थी। मकान मालिक जीतेंद्र द्विवेदी ने बताया कि रात करीब साढ़े 9 बजे उन्हें घर के दरवाजे पर काला सांप दिखाई दिया। जब उन्होंने सांप को भगाने का प्रयास किया तो वह तेजी से रेंगते हुए घर के अंदर कमरे में घुस गया और अलमारी के पीछे छिप गया। तब जीतेन्द्र द्विवेदी ने तुरंत वनरक्षक दीपेश प्रजापति को सूचित किया। वनरक्षक प्रजापति तत्काल मौके पर पहुंचे और सुरक्षित तरीके से सांप को पकड़कर डिब्बे में बंद कर दिया। इसके बाद में उन्होंने देर रात सांप को वन विभाग के रमन्ना जंगल में छोड़ दिया। वनरक्षक दीपेश प्रजापति ने बताया कि यह काला कोबरा प्रजाति का सांप था, जो अत्यधिक जहरीला होता है और रात के समय सक्रिय होता है। इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों में आमतौर पर पाया जाने वाला काला कोबरा एक बेहद ज़हरीला साँप है जो अपने विशिष्ट फन और ख़तरनाक मुद्रा के लिए जाना जाता है। हालाँकि यह माम्बा से थोड़ा कम आक्रामक होता है, फिर भी यह एक शक्तिशाली न्यूरोटॉक्सिक दंश देता है जो बिना इलाज के जानलेवा हो सकता है। जिले में इस समय बड़ी संख्या में काले नाग निकलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिला प्रशासन ने सांप पकड़ने में निपुण वनरक्षकों और सर्प मित्रों की सूची सोशल मीडिया पर सार्वजनिक की है। ताकि लोग समय रहते सूचना दे सकें। और जहरीले जीवन जंतुओ से उन्हें बचाया जा सके।

समाजसेवी घुवारा ने जागरूक कर बताये स्क्रीन में खोते बचपन के दुष्प्रभाव

## वर्चुअल दुनिया के भ्रम में डूबे बच्चे खो रहे वास्तविक चुनौतियों से निपटने की ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



बचपन मानव जीवन की नींव होता है। लेकिन आज के मोबाइल युग में बचपन अब किताबों से नहीं बल्कि स्क्रीन की चमक से आकार ले रहा है। यह वाक्य अब सिर्फ साहित्यिक प्रतीक नहीं रहा, बल्कि हमारे समाज की वास्तविकता बन चुका है। याद रखना चाहिए कि आज के बच्चे कल का समाज तय करेंगे। अगर वे अभी से वर्चुअल दुनिया के भ्रम में खो जाएँगे, तो उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने की ताकत नहीं मिल पाएगी। उक्त बात समाजसेवी प्रियंका पवन घुवारा ने लोगो में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कही। प्रियंका पवन घुवारा ने कहा कि मोबाइल व स्क्रीन में डूबे बचपन से एक ऐसा समाज तैयार होगा जो स्क्रीन पर जीता होगा, लेकिन जीवन की सच्चाईयों से दूर होगा। अगर उस नींव में सोशल मीडिया की दरारें भर जाएँगी, तो ऊपर खड़ी होने वाली इमारत कभी मजबूत नहीं बन सकेगी। गोरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने यह संदेश दुनिया को दिया है कि बच्चों को संरक्षित करना केवल पारिवारिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र की नीति होनी चाहिए। इसी के चलते ऑस्ट्रेलिया की संसद पहले ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और एक्स जैसे प्लेटफार्मों को 16 साल से कम आयु के बच्चों के लिए प्रतिबंधित कर चुकी है। अब यूट्यूब को भी इसी दायरे में शामिल किया गया है। यह दुनिया के किसी देश द्वारा बनाया गया पहला कानून है जो बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर इतनी स्पष्टता और कठोरता के साथ यह नीति 10 दिसंबर से लागू कर रहा है। और यह भी नियम बनाया गया कि इसका उल्लंघन करने पर संबंधित प्लेटफार्मों पर नियमों के मुताबिक उस पर 5 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यह कदम बच्चों को ऑनलाइन दुनिया के नकारात्मक प्रभावों से बचाने के लिए उठाया गया है। स्क्रीन का शिकंजा भारत को भी अब इंतज़ार नहीं करना चाहिए। अगर बचपन स्क्रीन में खो गया, तो मानवीय समाज खुद अपने भविष्य से रूठ जाएगा। समाजसेवी प्रियंका पवनघुवारा ने सरकार से अनुरोध किया है कि अभी समय है जब भारत सरकार भी इस प्रकार की एक स्पष्ट और सख्त नीति बनाए, कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया और मनोरंजक प्लेटफार्म से दूर रखा जाएगा। साथ ही, कंटेंट फिल्टरिंग, स्क्रीन टाइम लिमिट, और आयु सत्यापन जैसी तकनीकों को अनिवार्य किया जाए। भारत जैसे देशों में यह मुद्दा और अधिक गंभीर हो जाता है। डिजिटल लत अब नशे की तरह फैल चुकी है। बच्चों में चिड़चिड़ापन, नींद की कमी, एकाग्रता में गिरावट और रिश्तों से दूरी जैसी समस्याएँ अब आम हो चुकी हैं। इससे न सिर्फ उनकी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक विकास भी बाधित होता है। भारत को चाहिए कि वह इस विषय को गंभीरता से ले और भविष्य की पीढ़ियों को सिर्फ डिजिटल दक्ष नहीं, बल्कि संतुलित, संवेदनशील और सुरक्षित नागरिक बनाए।

गडरिया, पाल, बघेले का घुमक्कड़ जाति प्रमाणपत्र बनाने दिया ज्ञापन

## जाति प्रमाणपत्र न बनाये जाने से शासकीय योजनाओं से हो रहे वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जनजाति का जाति प्रमाण पत्र न बनाये जाने से शासन की कल्याणकारी योजनाओं से बंचित हो रहे गडरिया, पाल व बघेले समाज के लोगो ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा है।

जिसमें मांग करते हुए कहा गया है कि गडरिया, पाल, बघेले समाज का जाति प्रमाणपत्र बनाने संबंधी निर्देश टीकमगढ़ व जतारा एसडीएम को दिए जाए। जिससे समाज के लोगो शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर नाम दिए ज्ञापन में कहा गया कि मध्यप्रदेश शासन विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जनजाति कल्याण विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा 4 अक्टूबर 2018 को जारी किये गये आदेश क्रमांक एफ 12/02/2018/62 के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य विमुक्त घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड़ जाति विकास अभिकरण के प्रस्ताव अनुसार घुमक्कड़ एवं अर्ध घुमक्कड जनजाति की सूची क्रमांक 30 पर धनगर उल्लेखित किया गया है कि गडरिया, कुरमार, हटकर, हाटकर, गाडरी, धारिया, गोसी, ग्वाला गडरिया, गारी, गायरी, गडरिया पाल, बघेले को उपजाति के रूप में शामिल किया गया है। इससे समस्त उपजातियों को घुमक्कड़ योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस आदेश के तहत पूर्व में तो टीकमगढ़ में लगातार जाति प्रमाणपत्र बनाये गये लेकिन अब टीकमगढ़ और जतारा के अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा कहा जा रहा है कि टीकमगढ़ में पाल गडरिया पाल, बघेले का जाति प्रमाणपत्र नहीं वनाया जायेंगा। जबकि प्रदेश के अन्य सभी जिलो मे उक्त जाति प्रमाणपत्र लगातार बनाये जा रहे है।

स्वयं के देखरेख में एसपी कर रहे सड़क सुरक्षा अभियान का संचालन

# सड़क सुरक्षा को मजबूत और दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जिलेभर में चल रहा जागरूकता व चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में यातायात नियमों को लेकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की स्वयं की देखरेख में एक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और दुर्घटनाओं को कम करना है। यह अभियान पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रारंभ हुआ है। जिसे जिलेभर में निरंतर सक्रियता से चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगो को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। जिससे लोगो में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी का अहसास बढ़ सके।

एसपी मंडलोई ने बताया कि इस सड़क सुरक्षा अभियान के द्वारा आम जनता को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देना और यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और एक सुरक्षित परिवेश तैयार करने में सफलता मिलेगी। साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन किये जाने पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए जनजागरूकता बढ़ाई जा रही है। जिला पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसका क्रियान्वयन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं थाना प्रभारियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान कुल 207 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 39 वाहन चालकों से 7100 रूपये का चालान शुल्क बसूला गया। साथ ही सभी वाहन चालकों को मौखिक चेतावनी के साथ नियमों की जानकारी दी गई। चेकिंग के दौरान जांच करते हुए विशेष रूप से जिन बिन्दुओ को देखा गया उनमे वाहन का वैध फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा और परमिट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र पीयूसी की वैधता, दोपहिया वाहनों पर हेलमेट, चारपहिया में सीट बेल्ट का उपयोग, अवैध साइलेंसर, मॉडिफाइड हेडलाइट आदि की जांच की गई। इस दौरान नागरिकों को गुड सेमेरिटन योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को कानूनी सुरक्षा और सरकारी सम्मान दिया जाता है। गोल्डन ऑवर्स नीति में दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट में त्वरित इलाज से जीवन बचाने की पहल की जाती है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने जनता को संदेश देते हुए कहा कि यह केवल चालान भरने का अभियान नहीं है, बल्कि नागरिकों में सड़क सुरक्षा की समझ और जिम्मेदारी जगाने की पहल है। जो लोग नियमों का पालन करते हैं, वे समाज के लिए उदाहरण हैं। ऐसे लोगों को हम सम्मानित भी करेंगे। जिला पुलिस ने जनता से अपील की हैं कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, सभी ज़रूरी दस्तावेज़ जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, फिटनेस, पीयूसी साथ रखें, ट्रैफिक नियमों का पालन करके खुद की और दूसरों की जान की सुरक्षा करें, यातायात अनुशासन को अपनाकर अच्छे नागरिक बनें।

### दूसरे दिन एक दूसरे से लिपटे मिले दोनों के शव, गांव में पसरा मातम

# भतीजे को कंधे पर बैठाकर खेत पर गया ताऊ पार्वती की बाढ में डूबा, दोनों की मौत

**देहात थाना क्षेत्र के आमल्दा गांव की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

13 साल के भतीजे और उसके ताऊ की उस समय पार्वती नदी की बाढ में डूबने से मौत हो गई,यह दोनो खेत पर रखे पाइप सहित अन्य सामनों को पार्वती की बाढ से बचाने के लिए खेत पर गए थे। रास्ते में कीचड होने की वजह से ताऊ ने अपने भतीजे को कंधे पर बैठा लिया था। लेकिन दोनों खतरे के निशान के ऊपर बह रही पार्वती नदी के पानी में डूब गए। दूसरे दिन गुरूवार की सुबह दोनों के शव खेत के पास ही एक गड्ढे में एक दूसरे से लिपटे हुए मिले है। यह घटना देहात थाना क्षेत्र के गांव आमल्दा की है। इस घटना से गांव में मातम पसरा गया है। देहात थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह दोनों शवों को पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम आमल्दा निवासी राजू यादव 50 वर्ष पुत्र शंकर यादव बुधवार को शाम 4 बजे के आसपास अपने घर से अपने भतीजे यानि छोटे भाई के बेटे शिवम यादव 13 वर्ष के साथ खेत पर रखे पाइप सहित अन्य सामानों को पार्वती की बाढ से बचाने के लिए वहां से हटाकर किसी सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए गए थे। रास्ते में कीचड के कारण शिवम फिसल न जाए, इसलिए राजू ने शिवम को अपने कंधे पर बैठा लिया और खेत के लिए रवाना हो गया। इधर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गई पार्वती नदी का पानी उनके खेत तक पहुंच गया और दोनो पार्वती की बाढ में फंसकर डूब गए। जब ये दोनो रात तक घर नही पहुंचे तो परिजन इन्हें ढूंढने के लिए खेतों की तरफ आए,मगर पार्वती का बाढ बढने से वे वापस लौट गए, लेकिन गुरूवार की सुबह जब पार्वती नदी का जल स्तर कम हुआ,तब यह दोनो के शव इनके खेत के पास ही एक गड्ढे में एक दूसरे से लिपटे हुए मिले है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शायद ताऊ ने भतीजे को बचाने की कोशिश की होगी, लेकिन भतीजे को बचाने के दौरान वह खुद भी पानी की चपेट में आ गया। देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेज दिया। पुलिस टीम घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद दोनों के शवों को जिला अस्पताल ले आई,जहां पीएम के बाद उनके शवों को परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले में जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों को प्रशासन की तरफ से चार-चार लाख रुपए की राशि स्वीकृति की गई है।



**बहुत बडा तैराक था राजू, नदी में डूबे कई लोगों की बचा चुका था जान**



पार्वती की बाढ में भतीजे के साथ डूबकर मृत हुआ राजू यादव बहुत बडा तैराक भी था। वह अब तक पार्वती नदी में किन्ही कारणों से डूब जाने वाले दर्जनभर से ज्यादा लोगों को पानी से निकालकर उनकी जान बचा चुका था। लेकिन इस हादसे में वह अपने खुद के भतीजे की जान बचाने के फेर में खुद की जान भी गंवा बैठा था। ऐसे में लोग चर्चा कर रहे है कि भगवान की मर्जी के आगे किसी की मर्जी नहीं चलती।

**तीन भाईयों का इकलौता चिराग था शिवम,गांव में पसरा मातम**



ग्राम आमल्दा में गुरूवार की सुबह जैसे ही ये सूचना पहुंची कि बुधवार की शाम को खेत पर गए राजू यादव और उसके भतीजे शिवम यादव की मौत हो गई,वैसे ही पूरे गांव में मातम पसर गया। दरअसल शिवम तीन भाईयों का इकलौता चिराग था। बता दें कि शिवम के पिता तीन भाई है। जिसमें सबसे बडा भाई राजू यादव ही था, जो कि अविवाहित था। उससे छोटा बाबूलाल यादव है, जिसकी शादी तो हो गई,मगर उसके कोई संतान नहीं है। सबसे छोटा कमल यादव है, जिसके इकलौता बेटा शिवम और तीन बेटियां हुई है। शिवम के पैदा होते ही कमल यादव सहित उसके तीनों भाईयों में इस बात की खुशी छा गई कि चलो वंश को आगे बढाने वाला पैदा हो गया। इसलिए शिवम पूरे परिवार का लाडला था। मगर इस हादसे ने तीनों परिवारों की खुशियों को चकनाचूर कर दिया। साथही तीन बहनों के इकलौते भाई को भी उनसे छीन लिया। जिससे पूरे परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

**तीन साल पहले बीमारी ने छीन लिया मां का प्यार**

बताना होगा कि इस हादसे में अपने इकलौते भाई को खो देने वाली तीनों बहने अपनी सुधबुध खो बैठी है। उनकी आंखो से आंसूओं की धार नहीं थम रही है। वे रोते हुए भगवान से कह रही है कि हे भगवान ये तूने क्या कर दिया। तीन साल पहले मां को छीन लिया और अब इकलौते भाई को छीन लिया। बता दें कि तीन साले शिवम की मां की बीमारी के चलते मौत हो गई है।

### 11 स्थानों पर राहत शिविर जारी, 940 लोगों को दी जा रही सुविधा

# जिला पंचायत सीईओ ने किया राहत शिविरों का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में पिछले तीन दिनों में हुई अतिवर्षा सहित नदियों के जलस्तर बढने पर प्रभावित ग्रामों से 940 व्यक्तियों को रेस्क्यू कर उन्हें 11 राहत शिविरों में रखा गया है। जहां उनके लिए की जा रही भोजन, पानी रहने की व्यवस्थाओं का जायजा गुरूवार को जिला पंचायत सीईओ अतेंद्र सिंह गुर्जर ने राहत शिविरों में पहुंचकर लिया और एसडीएम व संबंधित तहसीलदारों से जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार कराहल विकासखण्ड के सेसईपुरा हायर सैकेण्डरी स्कूल में बनाये गये राहत कैम्प में कूनो नदी किनारे के रेशम कॉलोनी गांव से 150 लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया है। वीरपुर तहसील के बडेरे ग्राम स्थित स्कूल में संचालित राहत शिविर में 40 लोगों को रखा गया है। इसी प्रकार तहसील भवन बडौदा में संचालित राहत कैम्प में बडौदा कस्बे के विभिन्न वार्डो से रेस्क्यू किये गये 100 लोगों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। ग्राम पानडी के पंचायत भवन में संचालित राहत शिविर में झोपडी ग्राम के 500 लोगों को रखा गया है। सूंडी गांव के 40 व्यक्तियों के लिए अडवाड पंचायत में राहत कैम्प लगाया गया है। इसके साथ ही श्योपुर शहर में 6 स्थानों श्रीराम धर्मशाला, नगरपालिका मैरिज गार्डन, ऑडीटोरियम, कृष्णा पैलेस, वृंदावन गार्डन एवं हिन्दु धर्मशाला में राहत शिविर संचालित है, जिनमें 110 लोगों को रखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।



**बाढ राहत कार्यों में लापरवाही पर पटवारी निलंबित**

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा द्वारा बाढ राहत कार्यों में लापरवाही बरतने पर पटवारी हल्का नंबर 20 दिमरछा तहसील वीरपुर पूरणलाल माहौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है तथा उक्त हल्के का प्रभार पटवारी संजय वर्मा को सौपा गया है। वीरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम बडेरे, दिमरछा, लीलोली में जलभराव की स्थिति के निरीक्षण के दौरान पटवारी पूरणलाल माहौर उपस्थित नही मिले, ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि उक्त पटवारी न तो ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनते है। इस पर अतिवृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान ग्राम में उपस्थित नही होने के चलते निलंबन की कार्यवाही की गई है।

### बोदल के पास फंसी श्योपुर की सवारियां पैदल चलने को मजबूर

# कम हुआ पार्वती का जल स्तर, खुला श्योपुर कोटा और बारां मार्ग, सवाईमाधोपुर का रास्ता अभी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत तीन चार दिनों से टापू बने श्योपुर को राहत की खबर गुरुवार को यह मिली कि पार्वती नदी खतरे के निशान के नीचे पहुंच गई है और उसका जल स्तर कम होने से श्योपुर कोटा और बारां मार्ग चालू हो गया है। लेकिन बोदल (राजस्थान) के पास पुलिया टूटी होने से श्योपुर से सवाई माधोपुर का रास्ता भी बंद पड़ा है। ज्ञात हो कि बीते दिनों बने बाढ़ जैसे हालात के बाद सेसईपुरा के पास कूनो नदी उफान पर आ जाने गौरस—सबलगढ़ के बीच भी अवरोध पैदा होने पर श्योपुर से शिवपुरी ओर मुरैना के रास्ते भी बंद हो गए थे।

गुरूवार की सुबह पार्वती नदी का जल स्तर कम होने से खातौली पुल से आवागमन शुरू होने से श्योपुर कोटा मार्ग पर खुल गया है। शाम 4 बजे के आसपास पार्वती नदी का जल स्तर खतरे के निशान 198 मीटर से नीचे उतरकर 197 मीटर पहुंच गया है। लेकिन कुहांजापुर पुल पानी में डूबा होने के कारण दोपहर तक बारां मार्ग बंद बना रहा, लेकिन शाम को यह मार्ग भी पार्वती नदी का जल स्तर कम होने के साथ ही चालू हो गया है। उधर चंबल का जलस्तर भी शाम 4 बजे घटकर 192 मीटर के आसपास पहुंच गया है। लेकिन श्योपुर से सवाई माधोपुर का आवागमन बंद रहा। हालांकि रात में बारिश होने के बाद गुरूवार की सुबह से दोपहर तक रिमझिम फुहारे चलती रही जिसके चल कारण लोगों को घरों से निकलने में परेशानी हुई। खेती किसानी का काम करने वाले ग्रामीण नदियों का जलस्तर कम होने और आसमान खुलने के बाद अपने काम में पूरी तरह व्यस्त हो चुके हैं।



**बोदल पर पैदल चलने को मजबूर यात्री**

सबसे अधिक परेशानी तो श्योपुर सवाई माधोपुर मार्ग पर यात्रियों को उठानी पड़ रही है बड़ी संख्या में सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के माध्यम से देश के अन्य शहरों में जाने वाले यात्रियों को टिकट कंफर्म करने के बाद भी वहां पहुंचने में परेशानी हो रही है इसके अलावा भी बड़ी संख्या में यात्री सवाई माधोपुर से श्योपुर आना जाना करते हैं। बोदल के पास पुलिया टूट जाने से आवागमन बंद है। सवाई माधोपुर से कुछ टैक्सियां यात्रियों को उसे स्थान तक छोड़ रही है जहां पर पुलिया टूटी है यहां से दूसरे स्थान आगे तक जाने के लिए करीब 2 किलोमीटर यात्रियों को पैदल चलना पड़ रहा है। हालांकि इस तरह की व्यवस्था पर भी अब पुलिस प्रशासन ने दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य पाली पुल से वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है और किसी भी यात्री को पाली नदी के पुल को पार नहीं करने दिया जा रहा है।

# जाको राखे साइयां मार सके न कोई...



**श्योपुर।** जाको राखे साइयां मारि सके ना कोय, बाल न बांका करि सके जो जग बैरी होय़ यह कहावत गुरुवार को कराहलविकास खंड के सिरसनबाड़ी गांव में तब चरितार्थ होती दिखी जब एक पेड़ के बाइक पर गिरने से बाइक चकनाचूर हो गई लेकिन बाइक सवार बच गया। जानकारी के अनुसार पनवाडा रोड पर स्थित सिरसनबाड़ी गांव के बाहर तिराहे के पास एक बाइक सवार अपने बाइक पेड़ के नीचे खड़ी कर टॉयलेट करने गया तभी पेड़ की बड़ी डाल टूट कर जमीन पर गिर गई जिसकी जद में ई बाइक चकनाचूर हो गई। सूत्रों की माने तो बाइक सवार हो रही बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा हो गया था लेकिन अचानक टॉयलेट करने के लिए वह बाइक से दूर चला गया था। अगर सवार बाइक के पास ही मौजूद रहता तो पेड़ की टूटी डाल के नीचे दबकर मर भी सकता था।

## एनएचएआई ने शुरू किया चंबल पुल की मरम्मत का काम

**श्योपुर।** बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई चंबल नदी के पाली पुल की स्लैब की मरम्मत का काम एनएचएआई के द्वारा शुरू करवा दिया गया है। नेशनल हाइवे के अधिकारियों ने बताया कि बहुत जल्द ही पुल की आवश्यक मरम्मत का काम कंपलीट कर लिया जाएगा। बता दें कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन की ओर से चंबल पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा रखी है।



## आज होगी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 74 स्कूलों की टीमें करेंगी भागीदारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

म.प्र. पर्यटन विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संवर्धन परिषद के सहयोग से आयोजित मप्र पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 1 अगस्त शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित शासकीय पीजी कॉलेज में किया जाएगा। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के 74 स्कूलों की टीमे भागीदारी करेगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में इस प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

इस प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी डीईओ एमएल गर्ग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भागीदारी करने के लिए जिले के 74 विद्यालयों के 222 छात्र-छात्राओं ने अपना आनलाइन पंजीयन करवाया है। प्रत्येक विद्यालय की एक टीम रहेगी,जिसमें तीन छात्र शामिल रहेगे। प्रतियोगिता के समय चक्र के अनुसार 1 अगस्त को प्रातः 9 से 10 बजे तक पंजीयन कार्य होगा तथा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रथम चरण में लिखित परीक्षा आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 12 से दोपहर 2.30 बजे तक भोजन तथा मूल्यांकन का कार्य किया जायेगा। दोपहर 2.30 से सायं 4.30 बजे तक क्विज प्रतियोगता मल्टीमीडिया का आयोजन किया जाएगा। सायं 4.30 से सायं 5.30 तक पुरूस्कार का वितरण का कार्यक्रम होगा मल्टीमीडिया राउंड के पश्चात तीन टीमों को विजेता एवं तीन टीमों को उपविजेता घोषित किया जाएगा।

### विधायक बाबू जंडेल ने लगाया मंत्री पर विधानसभा में झूठ बोलने का आरोप

# लोगों के भी गले नहीं उतर रहा विधानसभा में सरकार का दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर विधायक बाबू जंडेल द्वारा विधानसभा में पूछे गए प्रश्न के जवाब में सरकार द्वारा दिया गया जवाब लोगों के भी गले नहीं उतर रहा है ज्ञात हो कि विधायक जंडेल ने विधानसभा में प्रश्न लगाकर जानकारी मांगी थी कि विगत 15 सालों में श्योपुर जिले में विक्रय से वर्जित जमीनों को विक्रय करने की परमिशन कलेक्टर द्वारा दी गई थी। राजस्व मंत्री ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा था कि विगत 5 सालों में कलेक्टर ने विक्रय से वर्जित जमीन को विक्रय करने की परमिशन नहीं दी गई है। मंत्री के बयान वाला वीडियो विधायक बाबू जंडेल के समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया पर डाला गया है जिसे लेकर लोग खूब मजाक उड़ा रहे हैं।

विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा सदन में मानसून सत्र के दौरान प्रश्न क्र.1005 अनुसूचित जाति (SC) की शासकीय पट्टे भूमि एवं आदिवासियो (ST) की जमीन,भूमि को गैर आदिवासियो को बेचने कि अनुमति धारा 165(6) के तहत दी गई है? उसमे विक्रेता, क्रेता एवं 15वर्षो कि जानकारी मांगी गई थी। विधायक का आरोप है कि सरकार ने उनके प्रश्न को ही बदल दिया और 15 के बजाए सिर्फ़ 5 वर्षों की जानकारी दी गई जो कि जनप्रतिनिधि एवं सदन कों गुमराह करने का काम है।



**गुमराह किया**

प्रशासन ने झूठी और अपूर्ण जानकारी देकर सदन को गुमराह किया है। सरकार भूमाफिया को संरक्षण देने का काम कर रही है। एसटी एससी के अधिकार की लड़ाई सदन से लेकर हर सड़क तक लड़ी जाएगी।

बाबू जंडेल
विधायक श्योपुर

### रिमझिम बारिश के बीच रवाना हुई श्री कल्याणधणी की पैदल यात्रा,उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# डिग्गी पैदल यात्राः सावन बरसे बिजल्या चमके पैदल डिग्गी में चाला, पैदल यात्रा में चाला...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सावन बरसे बिजल्या चमके पैदल डिग्गी में चाला, पैदल यात्रा में चाला, बाजे छै नौबत बाजा, म्हारा डिग्गीपुरी का राजा..., मैं तो जाउंगी डिग्गीपुरी का मेड़ा में...ओ जी म्हारा केसरिया कल्याण धणी , मान्ह भूल मत जा जो सा, भंडारा में नाचे म्हारी बीनणी रे..., जैसी स्वर लहरियों के बीच राजस्थान के टोंक जिले के डिग्गी-मालपुरा में विराजित श्रीकल्याण धणी के दर्शनों के लिए गुरूवार को श्योपुर से एक पैदल यात्रा रिमझिम बारिश के बीच रवाना हुई। क्षेत्र में खुशहाली और अच्छी बारिश की कामना को लेकर रवाना हुई इस पैदल यात्रा में हजारों श्रद्धालु का सैलाब उमड़ पड़ा। इस 26 वीं पैदल यात्रा का शुभारंभ सुबह 10 बजे टोड़ी गणेश मंदिर से ध्वज पूजन कर पदयात्रा को रवाना किया। पैदल यात्रा के शुभारंभ के दौरान विशेष रूप से संत सुरेश गिरी महाराज कलारना, संत रामदास महाराज देवरी धाम तथा बावडी हनुमान मंदिर के महंत सहित समिति पदाधिकारी व विभिन्न राजनैतिक दलों से जुडे लोग व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

गाजे-बाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्ग से झूमते-नाचते गुजरे पदयात्रियों का शहर में जगह-जगह स्वागत किया। वहीं रास्ते में भी कई जगह स्वागत सत्कार के कार्यक्रम रखे गए। यह पदयात्रा करीब सवा दो सौ किलामीटर की दूरी तय कर एक सप्ताह बाद कल्याण धाम पर पहुंचेंगी और मंदिर पर परंपरागत रूप से झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ समाप्त होगी। श्योपुर से रायपुरा, सोंईकलां, बगडुवा, भोगीका होते हुए कल्याण धणी के रवाना हुए पदयात्रियों का पहला पड़ाव ग्राम दांतरदा में रहा। जहां पदयात्रियों ने भंडारे की प्रसादी ग्रहण करके रात्रि विश्राम किया। विशेष बात यह है कि इस पैदल यात्रा के चलते पूरे रास्ते पदयात्रियों के जत्थे नजर आए।



**पैदल यात्रियों का स्वागत करने जगह-जगह लगाए स्टॉल**

डिग्गी पैदल यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की आवभगत में विभिन्न सामाजिक संगठन और ग्रामवासियों ने खास इंतजाम किए। यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्टाल लगाए गए हैं। इन स्टालों पर पदयात्रियों के लिए नाश्ते में पोहा, जलेबी और फलों का इंतजाम किया गया। वहीं कई जगह लोगों को भोजन कराया गया।

**टूटी पुलिया के कारण बदला रास्ता,अब खातौली होकर जाएगी पैदल यात्रा**

राजस्थान सीमा में बारिश के कारण टूटी बोदल की पुलिया से राजस्थान प्रशासन ने लोगो के पैदल गुजरने पर भी रोक लगा दी है। जिसकारण डिग्गी पैदल यात्रा का रूट बदलना पडा है। डिग्गी पैदल यात्रा समिति के मुताबिक गुरूवार को सभी पैदल यात्रियों ने दांतरदा में रात्रि विश्राम किया है। अब शुक्रवार को यह पैदल यात्रा दांतरदा से आगे बढने के बजाए वापस भोगिका आएगी और यहां सोंठवा और जलालपुरा, खातौली होते हुए इटावा पहुंचेगी। जहां इस पैदल यात्रा का दूसरा रात्रि विश्राम रहेगा। शनिवार को इटावा से रवाना होने वाली यह पैदल गेंता माकीदा पुल से होकर सीधे उनियारा पहुंचेगी। संभवत एक दिन की देरी से यह पैदल यात्रा डिग्गी पहुंचेगी।

**श्योपुर की सबसे बडी पैदल यात्रा**

डिग्गी मालपुरा में सावन मास में लगने वाले भगवान कल्याण जी के लक्खी मेले के दौरान देश के विभिन्न 700 स्थानों से पदयात्राएं जाती हैं। इनमें श्योपुर जिले से जाने वाली पैदल यात्रा सबसे बड़ी रहती है। मेले के दौरान प्रतिदिन 15-20 पदयात्रा डिग्गी पहुंचती है। लेकिन जिस दिन श्योपुर क्षेत्र की पैदल यात्रा का झंडा चढ़ाने का दिन रहता है उसके लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए जाते हैं।

# यातायात पुलिस ने चैकिंग के दौरान पकड़ी चावल से भरी पिकअप,वाहन छोड़कर चालक भागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

यातायात थाना पुलिस ने गुरूवार को शहर के पाली रोड से वाहन चैकिंग के दौरान चावल से भरी एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। पिकअप में मिला चावल पीडीएस का होने का अंदेशा लग रहा है। इसके लिए यातायात पुलिस ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को इस चावल का परीक्षण किए जाने के लिए पत्र लिख दिया है।

ट्रैफिक थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया कि गुरूवार को दोपहर को जब हमारी टीम वाहन चैकिंग कर रही थी,वहां श्योपुर तरफ से आ रही एक पिकअप को चैक करने के लिए रूकवाया और उसके चालक से पिकअप में भरे चावल के संबंध में दस्तावेज मांगे तो पिकअप चालक एकदम से घबराया और फिर गाडी को छोडकर मौके से भाग निकला। पिकअप में रखे कट्टो में भरे चावल को देखा तो वे पीडीएस के लग रहे है। इसके बाद चावल से भरे इस वाहन को यातायात थाने में रखवाते हुए खाद्य विभाग को जांच के लिए पत्र लिख दिया है।



## खबर संक्षेप

### मैथिलीशरण गुप्त जयंती समारोह 3 को मनेगा

**अशोकनगर।** गहोई वैश्य महिला मंडल अशोक नगर द्वारा राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। महिला मंडल की अध्यक्ष सुशीला गुप्ता ने बताया कि भारत के प्रथम राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त हमारे समाज का गौरव है। गहोई महिला मंडल द्वारा आगामी 3 अगस्त रविवार को दोपहर 2:00 बजे से अकादमिक हाइट स्कूल के प्रांगण में बड़े ही उत्साह पूर्वक मैथिलीशरण गुप्त जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं मंचीय कार्यक्रमों के साथ-साथ समाज की प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में सभी आगंतुकों के लिए लिए स्नेह भोज की भी व्यवस्था की गई है।

### कच्चा मकान गिरा महिला घायल



**राजपुर।** क्षेत्र में लगातार हों रही वर्षा से नदी नालें उफ़ान पर वही अनेक कच्चे मकान गिर जानें की खबर है। भारी बारिश के कारण एक कच्चा मकान गिर गया जिसमें महिला घायल हो गई। राजपुर में एसडीएम, पटवारी आदि ने निरीक्षण किया। आस पास के गांवों में भी नुकसान का जायज़ा लिया जा रहा है। रात्रि कों पी एन वी बैंक के सामने वंशकार का कच्चा मकान गिर गया। जिससे महिला घायल हों गई। मौके पर पहुंच कर उसे उपचार के लिए लें जाकर इलाज किया गया। वही आंगनवाड़ी केन्द्र में रहने खानें की व्यवस्था की गई।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत 2 जुलाई को एक बाईक सवार भैयालाल की मौत हो गई थी। उक्त मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक रामदयाल नंदा द्वारा किए जाने के बाद पुलिस ने नीले रंग के न्यू होलेण्ड ट्रेक्टर जिसका नम्बर एमपी 67 जेडडी 5681 के चालक इरफान खान निवास गहोरा पर मामला दर्ज किया है। उक्त ट्रेक्टर चालक अपनी ट्रेक्टर ट्राली को ईसागढ की ओर से अशोकनगर बैक करते समय बाईक में टक्कर मार दी थी। जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत सनमान पुत्र भीमा बंजारा उम्र 40 साल निवासी लप्तौरा चक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### बिजली का करंट लगने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत सतीश पुत्र रामनारायण पुरोहित उम्र 24 साल निवासी ग्राम चिरौली जब घर की लाइट ठीक कर रहा था उसी समय उसे बिजली का करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों की रखी जा रही मॉनीटरिंग

**अशोकनगर।** जिले में अतिवर्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस कक्ष से समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ से गूगल मीट के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में बारिश की स्थिति, जल भराव एवं बाढ़ संबंधी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में राहत बचाव कार्य पूरी सजगता के साथ करें। जिससे प्रभावितों को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचा जा सके। उन्होंने राहत शिविरों में बाढ़ प्रभावितों को ठहराने, भोजन, दवाईयां सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर आदित्य सिंह ने कलेक्ट्रेट में संचालित जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### पिछले 24 घंटों में जिले के ईसागढ़ में 245 मिमी और अशोकनगर में 154 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

# राजघाट डैम के गेट खुलने से पुल पर 20 फीट पहुंच गया पानी, युवक की डूबने से हुई मौत





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

जिले में पिछले एक दिन में रिकार्ड वर्षा दर्ज की गई है। जिले में कुल वर्षा 498 मिलीमीटर हुई है जिसमें सर्वाधिक वर्षा ईसागढ़ तहसील में 245 मिलीमीटर दर्ज की गई है। जो अपने आप में एक रिकार्ड है। जबकि अशोकनगर में 154 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्षा ने पूरे जिले भर को जल मग्न कर दिया है। छोटी से लेकर बड़ी नदिया तक उफान पर हैं। प्रभावितों को रेसक्यू कर बाहर निकाला गया है। यह रेसक्यू अभियान देर रात तक चलता रहा। राजघाट बांध के 16 गेट खुलने के बाद पुल पर 20 फीट पानी जा रहा है जिससे बड़े वाहनों को आवागमन रूक गया है। उधर पुलिया पार करते समय एक युवक की मौत हो गई।

जिले में अशोकनगर और ईसागढ तहसील वर्षा की दृष्टि से पीछे चल रहीं थी लेकिन पिछले 24 घण्टों में 245 मिलीमीटर अर्थात साढे नौ इंच वर्षा हुई है जिसके बाद ईसागढ मुख्यालय पर बना सिंघसागर तालाब पूरी तरह वर्षा से लबालब हो गया है। और उसका पानी ईसागढ़ कस्बे में कई जगह पहुंच गया। इसी प्रकार जिले की सीमा पर बहने वाली सिंध नदी ने भी इस बार उफान भरा। लहरघाट पर बने पुल के ऊपर से पानी बहता हुआ नजर आया। जिसने कभी अपने जीवन में सिंध नदी को इस रूप में नहीं देखा उन्हें पहली बार ऐसा रूप देखने को मिला था। ईसागढ के आसपास के सभी नदी-नाले और तालाब भी रोद्र रूप दिखाते रहे। ऐसा ही रूप अशोकनगर तहसील में देखने को मिला। यहां 6 इंच वर्षा दर्ज की गई। यहां वर्षा का केन्द्र भादौन, राजपुर की ओर था जिसके कारण इस क्षेत्र में वर्षा के कारण राजपुर चारों ओर से पानी से घिर गया। राजपुर आने के लिए जितने भी रास्ते थे चाहे वह सिरोंज से आने वाला हो, या फिर कचनार से आने वाला हो अथवा अशोकनगर से जाने वाला रास्ता हो। सभी रास्ते नदी नालों के चढ जाने के कारण बंद रहे। वुधवार को मौसम वर्षा के अनुकूल बना रहा लेकिन रिमझिम वर्षा होने के बाद बंद रही। जिसके कारण जो 30 रास्ते जिले में बंद थे उनमें अधिकांश रास्ते खुल गए हैं और इन मार्गों पर आवागमन शुरू हो गया है।

### पुल डूबने से 27 घंटे तक बंद रहा राष्ट्रीय राजमार्ग, सैकड़ों राहगीर फंसे रहे, पंचायत संग समाजसेवियों ने बांटे भोजन के पैकेट

बहादुरपुर में मंगलवार दोपहर एक बजे मोला नदी का पुल पानी आने के कारण डूब गया था और प्रशासन ने बेरीकेडिंग कर आवाजाही बंद करा दी थी। रात में करीब तीन बजे तक नदी में पानी बढ़ता रहा। इसके बाद पानी उतरना शुरू हुआ लेकिन पुल से नीचे पानी उतरने में बुधवार दोपहर के चार बज गए। इस 27 घंटे की अवधि में राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए पर बहादुरपुर से मुंगावली के बीच में आवाजाही पूरी तरह से बंद रही।

कस्बे में दूध का व्यापार प्रभावित हुआ,गैस एजेंसी द्वारा मुंगावली, पिपरई, मल्हारगढ़ और सहराई आदि क्षेत्रों में सिलेंडर नहीं पहुंचाए जा सके। इसके साथ तहसील कार्यालय पहुंचने वाले मार्ग का पुल डूबा रहने के कारण यह कार्यालय भी बंद रहा। बैंक कर्मचारियों को खूंटिया बमौरी से घाट बमुरिया होकर बंगला चैराहा तक पहुंचना पड़ा। वहीं कस्बे में करीब ढाई सौ राहगीर, यात्री और वाहन चालक, परिचालक फंसे हुए थे। जिन्हें ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत भवन और बहुउद्देशीय भवन में रोका गया, प्रशासन ने हायर सेकेंडरी स्कूल में ठहरने की व्यवस्था कराई। ग्राम पंचायत के साथ मिलकर समाजसेवी युवाओं के दल ने पूड़ी सब्जी के तीन सौ से अधिक पैकेट तैयार कर बांटे। जिन लोगों के घर डूब गए थे, उन्हें भी भोजन के पैकेट मुहैया कराए गए।





### बाढ़ में फंसे चार लोगों की सूचना पर ग्राम भटोली पहुंचे कलेक्टर व एसपी, मौके पर पहुंचकर कराया रेस्क्यू

जिले में हो रही अत्यधिक बारिश से तहसील पिपरई के ग्राम भटोली में नदी की बाढ़ में चार लोगों के फंसे हुए होने की सूचना मिलते ही कलेक्टर श्री आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार जैन 29 जुलाई की रात्रि 12:30 बजे ग्राम भटोली पहुंचे। मौके पर पहुंचकर बाढ़ से प्रभावित लोगों के बचाव हेतु रेस्क्यू कराया गया। कलेक्टर एवं एसपी की मौजूदगी में चले रेस्क्यू के दौरान बाढ़ में फंसे लोगों का रात्रि 02 बजे एसडीआरएफ टीम द्वारा सकुशल रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया। साथ ही मौके पर मौजूद एंबुलेंस में प्रभावित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान बताया गया था कि ग्राम भटोली के चार लोग खेत पर पाइप लेने गए थे।

### 30 वर्षीय युवक की पानी में डूबने से मौत

जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम गहौरा की पुलिया पार करते समय एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक का राहुल पुत्र रामकृष्ण दीक्षित है। बताया गया है कि वह मंगलवार को काम पर गया था वहां से लौटने के बाद बारिस के कारण पुलिया चढ गई थी। पानी पुलिया से उपर जा रहा था जिसके कारण वह रात में ही पेट्रोल पंप पर रूक गया था। पुलिस ने यहां बैरीकेटस में लगाए थे जिसके बाद भी युवक ने रास्ता पार करने का प्रयास किया। सुबह युवक मृत अवस्था में 300 मीटर दूर झाड़ियों में मिला।

### जिले भर में वर्षा के आंकड़े

अगर अशोकनगर तहसील की बात करें तो पिछले 24 घण्टों में यहां 154 मिलीमीटर वर्षा होने के बाद यहां अब तक 850 मिलीमीटर औसत वर्षा को देखते हुए 792 मिलीमीटर वर्षा हुई है। गतवर्ष यहां 1058 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। यहां वर्षा का प्रतिशत 93.18 हो गया है। जिले भर में सबसे कम वर्षा अशोकनगर तहसील में हुई है। चंदेरी तहसील में 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है यहां अब तक 1096 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। पिछले 24 घण्टों में यहां 45 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गतवर्ष यहां 1154 मिलीमीटर हुई थी। यहां वर्षा का प्रतिशत 109.60 है। अगर ईसागढ तहसील की बात करें तो यहां पिछले 24 घण्टों में 245 मिलीमीटर वर्षा हुई है यहां 878 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है अब तक यहां 1119 मिलीमीटर वर्षा हुई है। गतवर्ष यहां 932 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। जो कुल वर्षा का 127.45 प्रतिशत है। अगर मुंगावली तहसील की बात करें तो यहा पिछले 24 घण्टों में यहां पर 54 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है। इस वर्ष यहां 1188 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। गतवर्ष यहां 1458 मिलीमीटर वर्षा हुई थी।

### जीआरपी ने मर्ग कायम कर परिजनों को सौंपा

## मेमू ट्रेन में मिला कुरवाई निवासी व्यक्ति का शव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना**

मेमू कार शेड में खड़ी मेमू ट्रेन में कुरवाई निवासी एवं व्यक्ति का शव मिला है। जीआरपी ने मर्ग कायम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया है। जीआरपी से प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को मेमू कार शेड में खड़ी मेमू ट्रेन की कर्मचारियों द्वारा सफाई की जा रही थी।

उन्हें सफाई करते समय 10 नंबर बोगी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। जिसकी सूचना जीआरपी थाना को दी गई। सूचना मिलने पर जीआरपी पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव की तलाशी ली। जिसके पास मिले आधार कार्ड एवं मोबाइल से उसकी शिनाख्त कुरवाई निवासी के रूप में हुई। मृतक के पास मिले मोबाइल पर आए कॉल पर उनकी मृत्यु हो जाने की सूचना परिजनों को दी गई। गुरुवार को मृतक का भाई सिविल अस्पताल बीना पहुंचा और उन्होंने बड़े भाई बद्री पिता जयराम सिंह उम्र 40 साल निवासी भैंसा थाना कुरवाई के रूप में पुष्टि की। उन्होंने बताया कि भाई बीमार चल रहे थे।



### भारत सरकार की सीड योजना आवेदन के लिए अंतिम तिथि 3 तक

**अशोकनगर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालयभारत सरकार की सीड योजना के तहतविमुक्त घुमन्तु समुदायों के विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के तहत फ्री कोचिंग के माध्यम से शैक्षणिक स्तर के उन्नयन से सशक्त बनाने की दिशा में एक पहल है। इस योजना का उद्देश्य विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों को अच्छी गुणवता वाली कोचिंग प्रदान करना है, जिससे उन्हे उच्च शिक्षा एवं रोजगार हेतु प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफल होने में सक्षम बनाया जाकर उच्च शिक्षा एवं रोजगार सुनिश्चित किया जा सके। भारत सरकार के विभाग द्वारा यह योजना ठनककल 4ैजनकल संस्था के माध्यम से संचालित की जा रही है। इस योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 03 अगस्त है।

### बजट स्वीकृत होने पर विधायक सप्रे ने मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

## करमपुर में विकसित होगा औद्योगिक पार्क, 28.79 करोड़ की राशि स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना**

विधानसभा में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विधायक निर्मला सप्रे ने मुख्यमंत्री से औद्योगिक पार्क बनाने की मांग की थी। विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री ने पार्क के लिए जल्द राशि देने की घोषणा की थी। घोषणा के चलते औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए 28.79 करोड़ का बजट स्वीकृत हो चुका है। औद्योगिक पार्क बीना विधानसभा एवं खुरई तहसील में आने वाले करमपुर गांव में विकसित किया जाएगा। बजट स्वीकृत होने पर विधायक निर्मला सप्रे ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

विधायक ने बताया कि बीना में 50 हजार करोड़ की लागत से बीपीसीएल द्वारा पेट्रोकेमिकल प्लांट तैयार किया जा रहा है। प्लांट तैयार होने के बाद बीना में कई सहायक उद्योग स्थापित होंगे। इसके अनुकूल भूमि न होने के कारण उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बीना में औद्योगिक पार्क बनाने की मांग की थी। भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए उन्होंने बजट जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय औद्योगिक विकास निगम द्वारा करमपुर गांव में पार्क विकसित किया जाएगा। खिमलासा से लगा करमपुर गांव निकट भविष्य में राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएगा, उससे उद्योग स्थापन करने वालों प्रोडक्ट सेल करने में सुविधा होगी। इसके अलावा पार्क में उद्योग स्थापित करने वालों के लिए आवश्यकता के अनुसार भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा पार्क उद्योगों के अनुसार सड़क, नाली, बिजली, पानी सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। करमपुर में पार्क बनाने की सूचना मिलने पर करमपुर सहित आसपास के ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### गर्ल्स कॉलेज में प्रेमचंद जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

## प्रेमचंद का साहित्य युग का जीवंत दस्तावेजः प्राचार्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना**

गर्ल्स कॉलेज में हिन्दी विभाग एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रेमचंद जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने मुंशी प्रेमचंद जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण कर किया। उन्होंने कहा प्रेमचंद हिंदी साहित्य जगत के सर्वश्रेष्ठ रत्न थे। प्रेमचंद जी का साहित्य युग का जीवंत दस्तावेज है। डॉक्टर रश्मि जैन हिंदी विभागाध्यक्ष ने कहा उन्होंने सत्य को अपने चिंतन मनन और अनुभव से उपलब्ध किया है। प्रेमचंद जी की सच्चाई एवं जीवन दृष्टि गहरी एवं पैनी थी। यह दृष्टि उनके साहित्य में निरंतर रक्त की भांति प्रवाहित है और पाठकों की आस्था का केंद्र है। प्रशांत कुशवाहा अतिथि विद्वान हिंदी ने कहा साहित्यकार का जीवन साक्ष्य साहित्य को शक्ति देता है। प्रेमचंद जी का साहित्य युग चेतना का साहित्य है। आरती ठाकुर अतिथि विद्वान वाणिज्य ने कहा प्रेमचंद जी की कहानियां सामाजिक चेतना से ओतप्रोत हैं।

इस अवसर पर प्रेमचंद साहित्यिक प्रसंग विषय पर आलेख लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम वेदिका पाठक द्वितीय हरिओम ठाकुर एवं तृतीय स्थान पर दीक्षा तिवारी रही। इस अवसर पर डॉक्टर रश्मि द्विवेदी, डॉ दीपमाला सिंह की उपस्थिति रही।




### तुलसीदास ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया

**बीना।** राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा श्रावण मास की सप्तमी तिथि पर गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम सुबह भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर विभिन्न मार्गों से भ्रमण करती हुई मां जागेश्वरी धाम पर पहुंची। जहां पर रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की पूजा अर्चना कर जयंती मनाई।



इस अवसर पर भक्त माली कुंज बिहारी दास एवं नंदकिशोर व्यास के सानिध्य में मातृशक्ति द्वारा तुलसीदास जी के चरित्र पर सभी मातृशक्ति में अपने-अपने विचार रखे। विद्यावती लखेरा ने कहा कि आज एक संत की स्मृति नहीं, बल्कि भारतीय भक्ति साहित्य की अमूल्य धरोहर का उत्सव है। तुलसीदास जी ने अपनी लेखनी से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाया। डोली राय ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने भक्ति को केवल पूजा नहीं, जीवन जीने की एक सजीव विधा के रूप में प्रस्तुत किया। मालती चौहान कहा कि हर वर्ष श्रावण मास की सप्तमी को गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनाई जाती है। इस मौके पर भक्त उनके जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर भक्ति, सेवा और सदाचार का मार्ग अपनाने का संकल्प ले। सिया रानी ने बताया कि रामभक्ति के अमर साधक तुलसीदास जी ने अपने जीवन को भगवान श्रीराम की भक्ति में समर्पित कर दिया। इसके अलावा मिथिलेश ठाकुर, सुमित श्रीवास्तव, मुस्कान विश्वकर्मा ने भी अपने अपने विचार रखे।

## मोक्ष सप्तमी पर भगवान पारसनाथ का महामस्तकाभिषेक, लाडू चढ़ाए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना**

छोटी बजरिया स्थित सहस्त्र फणी पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मोक्ष सप्तमी पर श्री 1008 पारसनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। आयोजन परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज, परम पूज्य नवाचार्य समय सागर महाराज के आशीर्वाद, पंडित प्रदीप शास्त्री बीना के निर्देशन एवं संगीतकार हेमंत एडं पार्टी गंज बासौदा के सानिध्य में आयोजित किया गया। गुरुवार सुबह मंदिर में विराजमान श्री 1008 पारसनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। महामस्तकाभिषेक के उपरांत पारस बाबा की शांतिधारा, अभिषेक, पूजन एवं निर्माण कांड का वाचन हुआ। प्रथम सौधर्म इंद्र कुंदनलाल, पवन कुमार जैन, द्वितीय सौधर्म इंद्र डॉक्टर महेंद्र, ईशान इंद्र अनिल कुमार, सानत इंद्र निशांत जैन, महेंद्र इंद्र राकेश पीयूष, कुबेर इंद्र विजय कुमार पत्रकार रहे ने पारस बाबा का अभिषेक किया। वहीं प्रथम शांतिधारा राजेश-सुनीता गोयल परिवार, द्वितीय शांतिधारा रमेश चंद्र जॉनी, अभय, अन्नू जैन एवं रजत प्रतिभा शांतिधारा राजेश, मनीष, वीरेंद्र, बीटू ने किया। इस मौके पर पंडित प्रदीप शास्त्री ने बताया कि आज मोक्ष सप्तमी है।

मोक्ष सप्तमी का दिन जैन समुदाय में बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर श्री 1008 पारसनाथ भगवान सावन मास की सप्तमी के दिन सम्मेद शिखर जी (पारसनाथ पहाड़ी) पर मोक्ष प्राप्त हुआ था। उन्होंने जन्म मरण से मुक्ति पाई थी। इसलिए आज के दिन मोक्ष प्राप्ति का उत्सव के रूप में मनाते हैं। उन्होंने बताया श्री 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ भगवान की विशाल प्रतिमा छोटी बजरिया में विराजमान है, बहुत ही चमत्कारी है। रविवार को सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करने आते है और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इसमें विपिन जैन, प्रदीप जैन, संजय, यस, सुनील, राजेश, सम्यक, विजय, कमलचंद जैन, पवन, संजू, मनीष, वीरेंद्र, विपिन, कपिल, महेंद्र, रमेश आदि उपस्थित रहे।

